# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 24 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 314 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रिमोट का बटन दबाकर धार को दी 626 करोड़ रूपये की सौगात

दिलीप पाटीदार

धार आज जिले के पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार मंत्री श्री जेपी नड्डा एवं प्रदेष के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा धार जिले को कुल 626 करोड़ रूपये के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। जिसमें लोकार्पण की राशि 184 करोड़ एवं भूमि पूजन की राशि 442 करोड़ रूपये शामिल है। 260 करोड रुपए की लागत से धार में मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।

## पारंपरिक रूप से स्वागत व कार्यक्रम का शुभारंभ

केंद्रीय मंत्री श्री जेपी नड्डा जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सभा स्थल आगमन पर पारंपरिक ढोल मांदल व नृत्य के साथ स्वागत किया गया। मंच पर मुख्य अतिथियों का स्वागत जिले के ''एक जिला-एक उत्पाद'' के तहत बाग प्रिंट से बने वस्त्र से किया। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा का उद्बोधन आज जिले के पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित चिकित्सा महाविद्यालय धार के भूमिपूजन के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा जिले में पीपीपी मॉडल पर बन रहे महाविद्यालय में जन निजी सहभागिता में सहयोगी संस्था प्रमुख श्रीमती साधना कपूर का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने देश के पहले जन निजी सहभागिता महाविद्यालय बनाने में सहयोग दिया। यह देश का पहला महाविद्यालय है जो नवाचार के रूप में धार जिले को सौगात के रूप में मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में नई स्वास्थ नीति लेकर आए जिसने व्यक्ति के इलाज से पहले उसके उपचार पर फोकस किया है। उन्होंने आगे बताया कि देश में 1 लाख 81 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए। यूवीन पोर्टल पर 2.5 करोड़ माता और 2.5 करोड़ बच्चों की ट्रैकिंग की जा रही है और अगर टीकाकरण में देरी होती है तो आशा कार्यकर्ता द्वारा संबंधित हितग्राही को इसकी सूचना दी जाती है। देश में हाई रिस्क मरीज की भी जांच की योजना चलाई जा रही है। साथ ही देश में 89 प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो चुके है जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है। वहीं हाइपर टेंशन, कैंसर, सरवाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सिकल सेल सहित कई बीमारियों की स्क्रीनिंग कर समय पर पीड़ित का उपचार किया जा रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि देश की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक के निःशुल्क ईलाज का हेल्थ कवर



दिया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को उचित समय पर स्वास्थ लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। आज देश में 819 मेडिकल कॉलेज बन चुके है जिनमें आज धार के मेडिकल कॉलेज का पीपीपी मॉडल पर भूमिपूजन किया जा रहा है जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ सुविधाओं हेतु इंदौर या दूरस्थ शहरों में नहीं जाना पड़ेगा तथा यही के युवा एमबीबीएस कर इस क्षेत्र में अपना योगदान देंगे। इस मेडिकल कॉलेज से यहां के लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा।आज मध्य प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की श्रृंखला बन गई है। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा धार में पी एम मित्रा पार्क की सौगात से कपास को मुख्यधारा में लाए ये जिले वासियों के लिए सौगात है। उन्हीं के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर है। आज वर्ल्ड बैंक ने भी माना है कि भारत की अर्थव्यवस्था नीति एक चमकता हुआ आशा की किरण है। आज 92 प्रतिषत मोबाइल भारत में ही बन रहे है। ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र में भारत जापान को पछाड़ के तीसरे स्थान पर है। भारत में नए अमृत भारत स्टेशन बनाए जा रहे है इसी तरह पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को अन्न दिया जा रहा है। इसी तरह भारत सरकार की कई योजनाओं है जो जनता के कल्याण और हित के लिए संचालित की जा रही है। यह मेडिकल कॉलेज भी जनहित और आदिवासी अंचल को स्वास्थ सुविधाएं सुचारू रूप से देने के लिए सरकार का प्रयास है।

## मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि अभी-अभी प्रधानमंत्री जी द्वारा देश का पहला पीएम मित्रा पार्क की सौगात धार जिले को मिली है। जिससे 3 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, वहीं कपास उत्पादक किसानों को फायदा भी मिलेगा। इसी प्रकार धार में उद्योगों की स्थापना होने से यहाँ रोजगार से लोगों को जोड़ते हुए विकास होगा। जिले को पीएम मित्रा पार्क और मेडिकल कॉलेज खुलने से यहाँ पर रोजगार एवं सुविधाए उपलब्ध होगी। साथ ही हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। व्यक्ति को बेहतर से बेहतर इलाज के साथ ही सभी प्रकार के स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। सभी प्रकार की गंभीर से गंभीर बिमारियों का इलाज यहाँ पर ही हो जायेगे। पर्याप्त डॉक्टरों, नर्स, स्टॉफ की सुविधा मिलेगी। जिससे सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के लिये यहाँ काम कर रहे है।

## विभिन्न विभागीय प्रदर्शनियों का अवलोकन

स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग अंतर्गत सिकल सेल, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य से संबंधित, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पोषण से संबंधित, पशुपालन एवं डेयरी विभाग अंतर्गत स्वावलंबी गोशाला, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग अंतर्गत उच्च कोटि की खेती स्ट्रॉबेरी, जरबेरा, लिथियम जिप्सोफिना, डज रोज, ब्लूडेजी व पीएमएफ योजना के उत्पादों, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग अंतर्गत प्राकृतिक व जैविक उत्पादों, म. प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बाघ प्रिंट व अन्य हर्बल उत्पादों, जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत आदिवासी संस्कृति के संरक्षण तथा वन विभाग द्वारा डायनासोर एवं शार्क के फॉसिल पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना की।

## हितग्राहियों को हित-लाभ

अतिथियों द्वारा विभिन्न येजनाओं में हितग्राहियों को लाभावित किया गया, इनमें महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत कु. रिधवी चौहान को लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 1.43 लाख रूपये से लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत श्री घ्यामलाल मालवीय ग्राम बरमंडल को आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान कार्ड का वितरण, खाद्य एवं विभाग नागरिक आपूर्ति विभाग अंतर्गत सुश्री पूजा पटेल को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया। कृषि कल्याण विभाग अंतर्गत श्री राजेश पाटीदार को आरकेवीवाय योजना के तहत 1.33 लाख रूपये की अनुदान राशि दी गई। ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत दुर्गा स्वयं सहायता समूह ग्राम बगड़ीतुर्क की श्रीमती गीता एवं श्रीमती लीला सीसीएल वितरण योजना के तहत 324 समूहों को 1105.50 लाख रूपये से लाभान्वित किया गया।

## कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री नगरीय विकास एवं संसदीय एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय श्रीमती सावित्री ठाकुर, केबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा, विधायक धरमपुरी श्री कालुसिंह ठाकुर, विधायक बैतूल श्री हेमंत खण्डेलवाल, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी, श्री निलेष भारती सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, पत्रकारगण व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# एडवेंचर कैंप एवं फन फेयर का शिवाजी पब्लिक स्कूल मे हुआ भव्य आयोजन

दिव्यानंद अर्गल

मालनपुर :- मंगलवार का दिन शिवाजी पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए फन और मस्ती भरा रहा । स्कूल में एडवेंचर कैम्प एवं फन फेयर व बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर की गईइस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अचानक आई विपत्ति का सामना किस प्रकार किया जाए और अपने आप को सुरक्षित कैसे रखा जाए आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर छात्रों को जागरूक किया गया। विद्यालय परिसर में सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक गतिविधियां कराई गईं। बच्चों को रेपलिंग , रस्सी के द्वारा ऊपर चढ़ना , झूला, सरकपट्टी ,जॉब बॉल, टर्निंग स्विंग, मैजिक शो, कमांडो नेट एवं डबल रोप, इत्यादि मनोरंजक और साहसिक खेल कराए गए। छात्रों ने बाल मेले में बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी लगाकर दुकानें लगाई,नन्हे मुन्ने छात्रों ने खरीदारी भी की, विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल, खेल स्टॉल, पेंटिंग-ड्राइंग प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।छात्रों ने कई कलाकृतियां व मन मोहन पेंटिंग बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया, बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे दिन विद्यालय हंसी-खुशी, रंग-बिरंगी गतिविधियों और बच्चों की ऊर्जा से सराबोर नजर आया।



### बाल पुलिस एवं बाल चिकित्सक बनकर छात्रों ने सभी का मन मोह लिया

कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने छात्रों ने बाल पुलिस बनकर कानून, अनुशासन और पुलिसिंग की बुनियादी समझ, समाज में सकारात्मक भूमिका और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा ली, तो वही छात्रों ने चिकित्सकों की भूमिका निभाकर भविष्य में आगे चलकर डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया ,छात्रों का यह जीवंत मंचन देखकर सभी लोग आश्चर्य चकित रह गए। छात्रों ने एडवेंचर कैम्प का बहुत आनंद उठाया और जमकर मस्ती की।

### नन्हे छात्रों द्वारा तैयार किए गए भूत बंगले को देखकर सभी लोग अचम्मित रह गए

नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा कार्यक्रम में भूत बंगला तैयार किया गया जिसमें छात्र द्वारा काले कपड़े पहनकर और दांतों वाले मुखौटा लगाकर डरावना चेहरा बनाया जिसको देखकर सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए और बच्चों की प्रतिभा देखकर जमकर तारीफ की और बहुत ही खुश हुए एवं विद्यालय संचालक और स्टाफ की सराहना की।

### कार्यक्रम में बचपन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने भी दिखाई प्रतिभा

शिवाजी पब्लिक स्कूल परिसर में एडवेंचर कैंप एवं फन फेयर कार्यक्रम में बचपन इंटरनेशनल स्कूल के करीब 90 बच्चे भी सम्मिलित रहे जिन्होंने कार्यक्रम में शिवाजी पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ मिलकर कई विभिन्न मजेदार गतिविधियाँ और मनोरंजक कार्यक्रमों में भाग लेकर भरपूर आनंद लिया। इस भव्य कार्यक्रम में दोनों ही विद्यालयों के संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू के अनुसार कैम्प में लगभग 700 विद्यार्थियों ने कैम्प का लुफ्त उठाया। उन्होंने बताया कि बच्चों में तमाम प्रतिभाएं छिपी होती हैं। मगर सही परख और मौका न मिलने से प्रतिभा सामने नहीं आ पाती। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में नया उत्साह आता है। बच्चों को नई-नई चीजों की जानने की उत्सुकता होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक उत्कृष्ट गतिविधि है, जिसमें वे खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अपनी चीजें बेचकर मनोरंजन के साथ-साथ नेतृत्व, टीम वर्क और आर्थिक समझ जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखते हैं, जिससे उनका उत्साह और रचनात्मकता बढ़ती है। यह मेला पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय संचालक के अलावा शिवाजी पब्लिक एवं बचपन इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक व क्षेत्र के पत्रकार बंधु मौजूद रहे ।

# धन्यवाद शहडोल! स्वागत, वंदन और अपनापन रहेगा अविस्मरणीय

शहडोल न्यूज

रिपोर्ट-प्रदीप सिंह बघेल



महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल में 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पं. शंभूनाथ विश्व विद्यालय के कुलगुरू प्रो. रामाशंकर ने व्यक्त किए। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि कोचो द्वारा की गई सराहना यह प्रदर्शित करती है कि प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोगो ने सौंपे गए दायित्वो का आत्मीयता के साथ निभाया है। उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम एवं प्रत्येक राज्यो से आए खिलाड़ियो एवं कोचो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलगुरू रामाशंकर, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती फूलवती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियो ने मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया

### केरल बास्केटबॉल टीम ने लहराया जीत का परचम।

राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत केरल एवं महाराष्ट्र टीम के मध्य खेले गए फाइनल मुकाबले में केरल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। केरल टीम की सटीक रणनीति, अनुशासित खेल और उत्कृष्ट टीमवर्क ने उन्हें जीत दिलाई। मुख्य अतिथि प्रो. रामाशंकर एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह व उपस्थित जनप्रतिनिधियो द्वारा 69 वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के विजेता, उप विजेता एवं अन्य टीमो के खिलाड़ियो एवं कोचो को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम समापन अवसर पर महात्मा गांधी स्टेडियम में विभिन्न विद्यालयो के छात्र-छात्राओ द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य अतिथि द्वारा खेल ध्वज का अवतरण किया गया।

समापन कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती हीरावती कोल, संयुक्त संचालक खेल श्री उमेश कुमार धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री फूल सिंह मरपाची, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा, डीपीसी श्री अमरनाथ सिंह, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, एपीसी श्री अरविंद पाण्डेय, कोच श्री पुष्पराज सिंह, श्री के.के. श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक, पत्रकारबंधु, खिलाड़ी, कोच व बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय एवं अरूणिमा सिंह ने किया।

देशभर के 30 टीमो के खिलाड़ियो ने किया प्रदर्शन-उल्लेखनीय है कि शहडोल में 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक आयोजित की गई 69वीं राष्ट्रीय बॉस्केटबाल प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, बिहार, सीबीएसई वालफेयर स्पोर्ट्स, सीबीएसई, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट एग्जामिनेशन, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, इंटरनेशनल बोर्ड स्कूल स्पोटर्स, आईपीएससी, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक,केंद्रीय विद्यालय संगठन, केरला, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र,मेघालय, नवोदय विद्यालय समिति, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाड़, तेंलगाना, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, विध्या भारती, पश्चिम बंगाल की टीम के कुल 358 बास्केटबाल खिलाड़ियो ने अपने हुनर से दर्शको को रोमांचित किया। राष्ट्रीय बास्केट बाल प्रतियोगिता शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम, डाइट परिसर, गुड शेफर्ड कन्वेंट, शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय परिसर में प्रातः 7 बजे एवं सायं 3 बजे से प्रतियोगिताएं 19 से 23 दिसम्बर तक आयोजित की गई।

# किसानों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में

**रणजीत टाइम्स**

महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जीतू ठाकुर के नेतृत्व में किसानो की भूमि अधिग्रहण मनमाड़ रेलवे लाइन व आउवटर रिंग रोड इंदौर में जो जमीन अधिकरण की जा रही है उसमें किसानों को मुआवजा गाइडलाइन से चार गुना दिया जावे और किसानों को खाद व फसलों के उचित दाम देने के लिए विशाल ट्रैक्टर रैली निकाल कर नुक्कड़ सभा की और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सोपा जिसमें किसानों की मांगो का उल्लेख किया इसमें मुख्य रूप से प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े,जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, रुक्मणी निनामा, रूमा भुरू भाई, रामेश्वर पटेल, अशोक



सैनी, यदुनंदन पाटीदार, बाबूलाल भूत, कमल चौधरी, दौलत पटेल, विश्वजीत ठाकुर, जुगनू जादवसिंह धनावत, शक्तिसिंह गोयल, शुभांगना राजे दरबार,जनपद प्रतिनिधि चंदरसिंह ठाकुर, अशोक आंजना, विलीन पाटीदार, मनोहर गावड़, यादवसिंह चौहान, सत्यनारायण दाजी, हरिराम चौहान,विष्णु हारोड़,गजेंद्रसिंह राठौर, पप्पू खान, विष्णु मालवीय, दिनेश पंचोली, महेंद्र गोस्वामी, हुकमसिंह आंजना, महेश निनामा ,सुनील भंडारी, दिनेश भंडारी, लोकेश जाट, महेशचंद्र वर्मा, विनोद पटेल, आनंद गोगलिया,अफसर पटेल, एहसान पटेल, रशीद पटेल, बैकुंठ पटेल, ओम पटेल, साकिर खान, विवेक सकोरिया, सुभाष पटवारी, पवन मुकाती, देवेंद्र अग्रवाल, डॉ अजय धनावत, राजेश पाटीदार, सुभाष पाटीदार, विजय चौहान, गोविंद टेलर, इरशाद खान, रामचंद्र ठेकेदार, कैलाश गोयल, वीरेन्द्र झांझोट,राधेश्याम मुकाती, धर्मेंद्र बिरथरे ,अनुप जाट, सतीश जाट, शेखर मालवीय, रमेश सिसोदिया, रामप्रसाद बारुड़, दिनेश मावी, विष्णु गुर्जर, भैरू गुर्जर, सचिन गुप्ता, धर्मेंद्र सिंगारे, मुकुल मीणा, श्वेता डिसूजा, प्रेमलता तिवारी,जया नेगी, मंजू कैथवास, शुभम दरबार, राहुल जिराती, पूनमचंद पटेल, घनश्याम दोयदा, अल अमन खान,मनीष वर्मा, शिबू पटेल, हाफिज भाई, अंतर यादव, गणेश यादव, महेंद्र यादव, विष्णु दायमा, अनूप पाटीदार, सदाशिव पाटीदार, गौरव शर्मा, प्रवीण पाटिल,आशीष वर्मा, संजय चौधरी, रवि पटेल, सदाशिव पटेल, दीपक सेठ, भगत भाट और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। संचालन सरपंच कमल चौधरी ने किया आभार ओम पटेल ने माना और ज्ञापन का वाचन एडवोकेट दिनेश पंचोली ने किया।

## अवैध शराब के विरुद्ध झाबुआ पुलिस का "ऑपरेशन प्रहार"

### शराब तस्करी की बड़ी खेप पकड़ी, लगभग पौने दो करोड़ का मशरूका जप्त

दिनांक 23 दिसंबर 2025 को थाना कोतवाली झाबुआ पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक MP09HH8119 राजकोट गुजरात की ओर अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर वाहन को रोका गया।

ट्रक की तलाशी में पशु आहार की बोरियों की आड़ में छिपाकर रखी गई अवैध शराब की पेटियां मिलीं। जांच में लंदन प्राइड की 120 पेटियाँ कुल कीमत 18,00,000 रुपये, किंगफिशर बीयर की 217 पेटियाँ कुल कीमत 18,22,500 रुपये, ग्रीन पार्क अंग्रेजी शराब की 300 पेटियाँ कुल कीमत 57,60,000 रुपये तथा रॉयल चैलेंज शराब की 135 पेटियाँ कुल कीमत 25,92,000 रुपये। जिसकी अनुमानित कीमत 1,19,74,500 रुपये है। साथ ही पशु आहार, ट्रक सहित कुल 1,73,74,500/- का मशरूका जब्त किया गया। थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 968/2025 धारा 34(2), 36 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

इस उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी आर.सी. भास्करे, उनि अशोक बघेल, सउनि सुरसिंह, प्रआर दिलीप,





आर अजीत, आर कैलाश, आर. अनसिंह का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि पिछले 03 माह में अवैश शराब के 175 से अधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाहिया की है। जिनमें बड़ी कार्यवाहिया भी शामिल है।

## पिछोर में बेखौफ लुटेरे

### महिला से सोने के आभूषण लूटे



**जगदीश पाल**

पिछोर( शिवपुरी) क्षेत्र में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। गजोरा रोड पर मंगलवार सुबह बाइक सवार महिला से चलती बाइक पर मंगलसूत्र सहित सोने के आभूषण लूटने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस घटना के साथ ही एक ही सप्ताह में चैन स्नैचिंग की तीसरी घटना होने से पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार पूनम लोधी निवासी कुम्हर्रा अपने भाई और बच्चों के साथ बाइक से बूढ़ोन से कुम्हर्रा की ओर जा रही थीं। तभी अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक उनका पीछा करते हुए गजोरा रोड स्थित श्री गणेश गैस गोदाम के सामने पहुंचे और मौका पाते ही महिला के गले पर झपट्टा मार दिया। लुटेरे मंगलसूत्र, गले का हार और सोने का पेंडल छीनकर तेज रफ्तार में फरार हो गए। अचानक हुई इस वारदात से महिला घबरा गई और बच्चों को संभालने में लग गई, जिसका फायदा उठाकर आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने थाना पिछोर में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही चैन स्नैचिंग की घटनाओं से आमजन में भय का माहौल है। नागरिकों ने पुलिस से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# झाबुआ विधानसभा में विधायक डॉ विक्रांत भूरिया का संघन भ्रमण

## खाद एवं बिजली की व्यापक समस्या, पिटोल एवं कल्याणपुरा,बोरी, कुन्दपुर में नगद खाद वितरण के निर्देश





**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक डॉ विक्रांत भूरिया द्वारा अपने विधानसभा में संघन भ्रमण किया तथा अनेक ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की गई । इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए अधिकतर स्थानों पर खाद की कमी एवं बिजली की समस्याओं से अवगत कराया गया । कल्याणपुरा,पिटोल, बोरी में नगर खाद वितरण केन्द्र प्रांरभ करने की बात कही। उक्त जानकारी देतें हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने बताया कि सिंगरोली जंगल कटाई एवं वोट चोर गद्दी छोड की रैली दिल्ली में होने से उसकी व्यवस्था में व्यस्त होने के बाद डॉ विक्रांत भूरिया अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गये तथा इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र गरवाल का स्वागत भी कल्याणपुरा में किया गया । उनके द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए जिसके अन्तर्गत वे कल्याणपुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरखेडा, गोपालपुरा, आमलीपठार, भगोर, अन्तरवेलिया, मेहदीखेडा तथा नेगडिया पिपल्या ईशगढ तक का भ्रमण किया गया इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवीयों से मुलाकात की एवं उनकी समस्या जानकारी प्राप्त की । इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र गरवाल का स्वागत भी कल्याणपुरा में किया गया । भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से ग्रामीणों द्वारा वर्तमान में खाद की समस्या से अवगत कराया तथा नगद खाद नहीं मिलने की बात कही इस पर डॉ भूरिया द्वारा तत्काल स्थानीय स्तर पर खाद के सबंध में उप संचालक कृषि एवं अन्य अधिकारीयों से चर्चा की तथा कल्याणपुरा एवं पिटोल में नगद खाद ब्रिकी केन्द्र खोलने के सबंध में निर्देश दिये जिससे किसानों एवं ग्रामीणों का आर्थिक एवं समय बबार्द न हो । साथ ही अन्य नवीन विघुतीकरण के कार्यो की मांग की गई उसे भी स्वीकृत करने का आश्वासन दिया तथा आगामी दिनों में विघुतिकरण एवं पेयजल से सबंधी कार्य प्राथमिकता से करने का आश्वासन दिया ।

बोरी क्षेत्र में भी संघन भ्रमण कर ग्राम पंचायत बोरी,बडी उत्ती, बयडा, नाहरपुरा, रतनपुरा, आदि क्षेत्र में भी संघन भ्रमण किया साथ ही अनेक स्थान पर हाल ही में जिनका निधन हो गया वहां पहुंच कर बोरी में श्रृद्वाजंली अर्पित की एवं उन परिवार से मिलकर परिवार को ढाढस बधाया इस अवसर पर,युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नटवर डोडियार खुना गुण्डिया ब्लाक अध्यक्ष झाबुआ तथा कल्याणपुरा उपब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र गरवाल, उप ब्लाक अध्यक्ष बोरी गुलसिंह अमलियार आदित्यसिंह बोरी,बंशी बारिया,शंकरसिंह हटिला, जनपद सदस्य पिटर वाखला, शान्तु भाई युवा कांग्रेस के बापू अजनार,प्रताप बुन्देला,विपुल जैन, रामलाल नेगडिया,मेहेन्दीखेडा सरपंच प्रतिनिधि बारिया एवं क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर ने जनसुनवाई में सुनी, आम नागरिकगण की समस्याएं

### प्रत्येक आवेदक की व्यथा सुन, संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण हेतु दिए दिशा निर्देश

**इंदौर- मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का निराकरण करनें एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करनें के लिए प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती हैं।**



जिसके तारतम्य में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा आज दिनांक 23.12.25 को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई में आमजन की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दियें। जनसुनवाई के दौरान आज 65 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे प्रमुख रूप से पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेनदेन, सुनवाई न होने, प्लाट/ जमीन की धोखाधड़ी संबंधी विवाद, महिला अपराध संबंधी एवं अन्य पुलिस से संबंधित समस्याओं लेकर आमजन आए, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रत्येक आवेदक की व्यथा व समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही नागरिकों को आश्वस्त किया कि इंदौर पुलिस उनकी सुरक्षा और हितों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) इंदौर श्री अमित सिंह एवं सभी ज़ोन के अन्य अधिकारियों ने भी उपस्थित रहकर पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार संबंधित आवेदकों की समस्याओं विस्तार पूर्वक सुन कार्यवाही की गई।

# आर्मी में सिलेक्ट युवाओं को पिछोर विधायक ने भेंट किए कंबल




**जगदीश पाल**

पिछोर(शिवपुरी) पिछोर के छत्रसाल स्टेडियम में सोमवार शाम स्थानीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने हाल ही में आर्मी में सिलेक्ट कुछ गांव के लगभग 12 से 15 युवाओं को माला पहनकर सम्मानित किया इतना ही नहीं देश की सेवा के लिए चयनित इन युवाओं को भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने अपनी ओर से एक-एक ब्रांडेड कम्मल भी भेंट किया जानकारी के अनुसार पिछोर की एक निजी फिजिकल अकादमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के कई युवाओं को आर्मी तथा पुलिस भर्ती हेतु प्रशिक्षित किया गया था जिनमें से 17 युवाओं का इंडियन आर्मी तथा एक युवती का मध्य प्रदेश पुलिस बल में सिलेक्शन हाल ही में हुआ है क्योंकि चयनित युवक पिछोर विधानसभा क्षेत्र के हैं इसलिए क्षेत्रीय विधायक लोधी ने अकादमी कोच को बधाई देते हुए आर्मी में चयनित युवकों का सम्मान किया इस मौके पर विधायक लोधी ने कहा कि देश सेवा सबसे बड़ी सेवा है हम ऐसे मौको पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं जब हमारे बीच से युवक और युवतियां आर्मी तथा पुलिस आदि के जरिए देश सेवा के लिए चयनित किए जाते हैं उन्होंने कहा ऐसे मौके ऐसे होनहार लोगों के लिए हर संभव मदद करने का प्रयास करता हूं।

# मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन और दावा-आपत्तियां लेने का काम शुरू

प्रदीप सिंह बघेल



शहडोल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में विशेश गहन पुनरीक्षण 2026 की मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित प्रेस कान्फ्रेन्स में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि एसआईआर 2026 में जिले में एएसडीआर सूची में मृत मतदाताओं की संख्या 12277, अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या 7853 स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 25988, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की संख्या 2780 तथा अन्य मतदाता 119 इस प्रकार जिले में 49017 मतदाता एएसडीआर सूची में शामिल हैं। जिले में 4895 मतदाता ऐसे हैं जिनकी मैपिंग नहीं हो सकी है। मैपिंग नहीं होने का कारण 2003 की मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाना है। इन मतदाताओं की पृथक से सुनवाई की जाएगी तथा साक्ष्य प्रस्तुत करने पर इनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकेंगे। विधानसभा क्षेत्र 83-ब्यौहारी में 474, 84-जयसिंहनगर में 2458 तथा 85-जैतपुर में 1963 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदान केन्द्र जहां 1200 से अधिक मतदाता थे उन्हें विभाजित कर नए मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व जिले में 966 मतदान केन्द्र थे जो बढ़कर 1034 हो गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व जिले में मतदाताओं की संख्या 798190 थी। जो गहन पुनरीक्षण के पश्चात 749173 रह गई है। विभिन्न कारणों से 49017 मतदाता घटे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के पश्चात जेंडर रेसियो 948.05 तथा इपिक रेसियो 61.16 है। जिले में सर्विस वोटरों की संख्या 362, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 3037, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 14181 तथा 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 6955 है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र फॉर्म-6 में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, फॉर्म-7 में अनुपस्थित एवं स्थानान्तरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने तथा फॉर्म -9 का उपयोग संसोधन के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरा कर लेने वाले लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे मतदाता ऑनलाइन या ऑफलाईन आवेदन कर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से छूट गए हैं। वे मतदाता भी आवेदन कर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। प्रेस कार्न्फ्रेंस में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे, जीके पाण्डेय उपस्थित रहे।

# नर्मदा सिंचाई परियोजना से वंचित ग्रामो के किसानो ने कलेक्टर के नाम पर सौंपा ज्ञापन

## 100 से अधिक ग्रामो के लिए नवीन नर्मदा सिंचाई परियोजना तैयार कर विजन डाक्युमेन्ट मे शामिल करने की रखी मांग

दिलीप पाटीदार



सरदारपुर तहसील मे नर्मदा सिंचाई परियोजना से वंचित 100 से अधिक ग्रामो के किसानो द्वारा किसान दिवस पर मंगलवार को बडी संख्या मे पैदल रैली निकालकर सरदारपुर तहसील के लिए नवीन नर्मदा सिंचाई परियोजना तैयार कर विजन डाक्युमेन्ट मे शामिल करने की मांग करते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुचकर जिला कलेक्टर के नाम पर नायब तहसीलदार प्रशस्ति जमरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे बताया गया है कि सरदारपुर विधानसभा के विभीन्न ग्राम वंचित है जिसकी वजह से किसानो को सिंचाई मे परेशानियो का सामना करना पडता है एवं कई किसान निरंतर अन्य राज्यो मे पलायन कर रहे है। पूर्व मे सरदारपुर विधानसभा के 84 ग्राम माण्डु उद्वहन सिंचाई परियोजना मे सम्मिलित थे जिसे धार उद्वहन सिंचाई परियोजना के नाम से स्वीकृती शासन स्तर से प्रदान की गई है जिसमे सरदारपुर विधानसभा के ग्राम नर्मदा सिंचाई परियोजना मे शामिल नही है वर्तमान मे सरदारपुर के लगभग 100 ग्राम नर्मदा सिंचाई परियोजना से वंचित हैं। अगर किसानो के हित मे सरदारपुर विधानसभा के लिए नवीन नर्मदा सिंचाई परियोजना तैयार की जाती है तो किसानो को सिंचाई मे अधिक लाभ होगा। वर्तमान मे रिंगनोद, गुमानपुरा, धुलेट, बिमरोड, छडावद, पिपरनी, कंजरोटा, सेमल्या, केरिया, करनावद, सियावद, अमोदिया, सोनगढ, महापुरा, टिमायची, भानगढ, नरसिह देवला, एहमद, कुमारपाट, भाटियाबर्डी, अम्बेडी, नयापुरा, बरखेडा, चुनियागढी, बरमण्डल, पडुनीखुर्द, बरमखेडी, पडुनीकला, बोडिया, गोन्दीखेडा चारण, मौलाना, हनुमन्त्या सिंगेश्वर, जौलाना, रूपाखेडा, देदला, दत्तीगॉव, करमदीपाडा, गोटियाआम, टिमरीपाडा, जुनापानी, श्यामपुरा, आम्बा, खाखरियाझिरी, कुशलपुरा, माछलिया, झाई, भण्डारिया, दूधीकांच, पिपलियाभान, सुहाना, भमति, अमझर, काकडपाडा, सरोदा, चालनीमाता, आमल्याखुर्द, चैबारा, काचला, बोरवाणी, इन्दुर, रतनपुरा, गुराडिया, उटावा, सुखीईमली, फुटतलाव, आम्बापाडा, उमरियाखुर्द, सुनारिया, चुनारपाडा, मानगढ, लक्कडखाई, उमरियाकला, भेरूपाडा, भीलखेडी, बागपिपल्या, रंगपुरा, अम्बामाल, केशरपुरा, खेडा, तिरला, खजुरिया, नयापुरा, मनास्या, बिछीया, भोपावर, पटलावदिया, बोला, बोदली, कोठडाकला, मोयाखेडा, पसावदा, राजोद, साजोद, बसलई, गोन्दीखेडा ठाकुर, संदला, सलवा, देवीखेडा, अकोलिया, छायन, पटोलिया, कचनारिया, नन्दलई, निपावली, हनुमन्त्या साजोद, खेरखेडा, सिन्दुरिया, लाबरिया, सरदारपुर, राजगढ आदि ग्राम नर्मदा सिंचाई परियोजना से वंचित है इसलिए किसानो के हित मे सरदारपुर विधानसभा मे नर्मदा सिंचाई परियोजना से वंचित ग्रामो के लिए नवीन नर्मदा सिंचाई परियोजना तैयार की जाकर विजन डाक्युमेन्ट मे शामिल कर स्वीकृती प्रदान की जाए, ताकि किसानो को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके और निरंतर हो रहे पलायन पर अंकुश लगाया जा सके।

# प्रभारी मंत्री ने कोलारस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औचक निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



शिवपुरी- ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सोमवार को देर रात के समय कोलारस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण की शुरुआत कोलारस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से की, इसके बाद प्रसवोत्तर वार्ड एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम कोलारस स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलारस का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पहुंचकर जनरल वार्ड के मरीजों से स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में बातचीत भी की। इसके बाद वे प्रसवोत्तर वार्ड में पहुंचे और प्रसूताओं और उनके परिजनों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मैं जिले का प्रभारी मंत्री तो हूं ही लेकिन आज में आपके समक्ष मध्य प्रदेश सरकार एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया का दूत बनकर आया हूं और आपसे जानना चाहता हूं कि स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था ठीक है,

# महू मे 26 से 29 दिसंबर तक 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का भव्य आयोजन

## यज्ञ स्थल 7000 दीपों से होगा आलोकित



महू। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में श्री राधा–कृष्ण मंदिर प्रांगण, फेस-1, चिनार पार्क कॉलोनी, महूगांव में 26 से 29 दिसंबर 2025 तक चार दिवसीय 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है इस संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में योगेश उपाध्याय एवं लक्ष्मी उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ के समस्त कार्यक्रम शांतिकुंज, हरिद्वार से पधारे परिव्राजकों द्वारा विधिवत रूप से संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रात्रिकाल में यज्ञ स्थल को 7000 दीपों से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे संपूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा एवं दिव्य वातावरण से आलोकित रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि यज्ञकुंड पर प्रतिदिन 200 से अधिक यजमानों के बैठने की व्यवस्था रहेगी, जिसके लिए निरंतर पंजीयन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की संभावना है।कार्यक्रम की शुरुआत 26 दिसंबर, शुक्रवार को दोपहर 1 बजे श्री राधा–कृष्ण मंदिर से यज्ञस्थल तक भव्य कलश यात्रा से होगी, जो शाम 4 बजे तक चलेगी। इसी दिन सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक यज्ञस्थल पर युग संगीत एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।27 दिसंबर, शनिवार को प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक देव स्थापना, यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न होंगे। सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक महिला जागरण एवं दीपयज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम होंगे संपन्न

28 दिसंबर, रविवार को प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञ एवं संस्कार संपन्न होंगे, वहीं सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक महिला जागरण एवं प्रज्ञापुराण का आयोजन होगा। 29 दिसंबर, सोमवार को प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ एवं संस्कार संपन्न होंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक गुरुदीक्षा, पूर्णाहुति, टोली विदाई एवं आभार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत 27, 28 एवं 29 दिसंबर को प्रातः 8:30 बजे से यज्ञ समापन तक पुंसवन, नामकरण, मुण्डन, शिखा-स्थापन, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत एवं गुरुदीक्षा जैसे संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे। कलश यात्रा श्री राधा–कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर यज्ञस्थल पर संपन्न होगी। गायत्री परिवार द्वारा क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है। पत्रकार वार्ता में नीता वानखेड़े, रिंपी राय एवं दीपेंद्र नामदेव भी उपस्थित रहे।

# समाचार का बड़ा असर

## इंदौर में लेनदेन विवाद का हुआ समाधान



राजेश धाकड़

**इंदौर में सामने आए लेनदेन विवाद की खबर का व्यापक असर देखने को मिला है। गौरव नीले द्वारा नितिन यादव पर लगाए गए आरोपों के बाद मामला चर्चा में आ गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू हुई और आज आपसी सहमति से विवाद का समाधान हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच गलतफहमी पैदा हो गई थी। लोगों के बहकावे और परिस्थितियों के चलते यह विवाद बढ़ता चला गया, जो मीडिया में आने के बाद और गंभीर रूप ले चुका था।**

समाचार के माध्यम से मामला उजागर होने के बाद दोनों परिवारों एवं समाज के वरिष्ठजनों की पहल पर आपसी संवाद कराया गया। बातचीत के दौरान लेनदेन से जुड़े सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसके बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया। समझौते के तहत दोनों ने भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी या अन्य कार्रवाई न करने पर सहमति जताई है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह संदेश दिया है कि समय पर संवाद, पारिवारिक समझ और समाज के सहयोग से बड़े से बड़ा विवाद भी शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सकता है।

# इंदौर में बजरंग दल की शौर्य यात्रा, गूंजा जय श्रीराम का नारा



इंदौर के बजरंग दल जिला द्वारका अंतर्गत अहिल्या प्रखंड द्वारा भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के माध्यम से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपने शौर्य, अनुशासन और संगठनात्मक शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता भगवा ध्वज के साथ शामिल हुए। जय श्रीराम और बजरंग बली के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, धर्मरक्षा और सामाजिक एकता का संदेश देना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि बजरंग दल सदैव धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित रहा है और आगे भी समाजहित में अपने दायित्वों का निर्वहन करता रहेगा। शौर्य यात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक भी सड़कों पर मौजूद रहे और जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। पूरे आयोजन में अनुशासन और शांति व्यवस्था बनी रही, जो बजरंग दल की संगठित कार्यशैली को दर्शाता है।

# आयुक्त संभाग इंदौर डॉ सुदाम खाड़े द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2026- निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक सम्पन्न

## 14 फरवरी 2026 तक दावे अपत्तियों का निराकरण का कार्य होगा।

**दिलीप पाटीदार**

धार आयुक्त संभाग इंदौर डॉ सुदाम खाड़े द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2026- निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे । बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को जिले की समस्त सात विधानसभा क्षेत्रों की फोटो निर्वाचक नामावली एवं फोटो सहित नामावली की जानकारी पीपीटी के माध्यम से गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम समय-सीमा में की जाने वाली कार्यवाही से अवगत कराया गया। जिले की समस्त सात विधानसभा क्षेत्रों हेतु आयोग द्वारा अधिसूचित एईआरओ की जानकारी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को दी गई। बैठक में निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में अवगत कराया गया कि आमजन प्रारूप निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र पर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते है तथा उनके नाम होने की पुष्टि भी कर सकते है। यह प्रारूप निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट http//www.ceoelection.mp.gov.in पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। अनुपस्थित /स्थानांतरित /मृत/दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों के नाम प्रारूप निर्वाचक



नामावली में सम्मिलित नहीं है ।उक्त सूची का प्रदर्शन भी सीईओ की वेबसाइट पर किया गया है तथा संबंधित पंचायत भवन / शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है।

जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में गणना अवधि (इन्यूमरेशन पीरियड) के दौरान कुल मतदाता 1700963 में से 1583101 गणना पत्रकों का डिजिटायजेशन एवं 117862 असंग्रहित गणना पत्रक की संख्या रही। इन असंग्रहित गणना पत्रकों में 27943 मृत, 14198 दोहरी प्रविष्टि, 22392 अनुपस्थित तथा 53329 स्थानांतरित निर्वाचक पाएं गए, जिनकी सूची पूर्व में मतदान केन्द्रवार बैठक में साझा की गयी थीं। प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत दावें आपत्तियों को प्रस्तुत करने का कार्य 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक गणना फॉर्मों की जाँच के आधार पर नोटिस जारी करने तथा दावे अपत्तियों का निराकरण का कार्य होगा। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रारूप निर्वाचक नामावली की एक हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी में (फोटो रहित) साथ ही मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रदाय की गई है।

विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अंतर्गत प्रारूप प्रकाशन के पूर्व का कार्य पूर्ण रूप से पारदर्शी रहा जिसमें मतदान केन्द्रवार बैठक में एसडी सूची वाचन की कार्यवाही से सभी उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया से संतुष्टि व्यक्त की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र निर्वाचकों के नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र-6, अयोग्य व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली से हटाने हेतु प्रपत्र-7 एवं प्रविष्टि में सुधार आदि के लिए प्ररूप-8 में आवेदन करने में आमजन का सहयोग करें तथा विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान केन्द्रो से संबंधित यदि कोई शिकायत है तो सीधे व्यक्तिगत रूप से भी सम्पर्क कर सकते है। सभी एरो/एयरो को दावे आपत्तियों की प्राप्ति एवं निराकरण का कार्य समय सारणी के अनुसार किये जाने हेतु विधानसभा स्तर पर नोटिस एवं सुनवाई की व्यवस्था संबंधी निर्देश दिये गये। विशेष तौर से ऐसे छूटे हुए पात्र नागरिक जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, उन्हे प्रेरित कर निर्वाचक नामावली में अनिवार्यतः सम्मिलित कराने के प्रयास का जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आव्हान किया गया। बैठक के अंत में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को समस्त सात विधानसभा क्षेत्रों की फोटो निर्वाचक नामावली एवं फोटो रहित नामावली की डीवीडी प्रदाय की गई ।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# सहज योग ध्यान- आत्मा से परमात्मा तक की यात्रा

ध्यान वह विज्ञान है जो आत्मा को अनंत आत्मा या परमात्मा से पुनः एकाकार करवाता है। गहराई से नित्य ध्यान का अभ्यास करने से हम अपनी आत्मा को जागृत कर सकते हैं, अपने अस्तित्व के केंद्र में दिव्य चेतना के शाश्वत आनंद का अनुभव कर सकते हैं। सहज योग ध्यान हमारी आत्मा से परमात्मा तक की यात्रा में षटरिपु यानि हमारे उत्थान के आड़ आने वाली छः बाधायें (काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य) को हमसे विमुक्त करते हुये ब्रम्हांड में व्याप्त ईश्वरीय ऊर्जा से हमारी एकाकारिता कराने की विधि है। यह विचार करने या तर्क करने की विषय नहीं है, अस्पष्ट मानसिक प्रक्रिया या दार्शनिक विवेचना भी नहीं है। यह ध्यान की एक सरल विधि है। जीवन के भटकाव और वैचारिक उथल-पुथल को शांत कर अपने असली स्वरूप से हमारा आत्मसाक्षात्कार कराने की अद्भुत और दिव्य विधि है सहज योग। ध्यान के अनुशासन द्वारा हम अपने को एकाग्र करना सीखते हैं और हमें अपने अंदर के उस धाम का अनुभव होता है जहां अचल शांति एवं आनंद का निवास है।



जैसे-जैसे ध्यान में गहरे उतरने लगते हैं हमें निरंतर बढ़ती आंतरिक शांति व आनंद का अनुभव होता है जिससे हमारी आत्मा को हम अनुभव करते हैं, और इसी की अति उन्नत अवस्था में हमें अपनी आत्मा का परमात्मा के साथ पूर्णतया एकाकार हो जाने का अनुभव होने लगता है। ध्यान का यही उद्देश्य है — परम आनंदमय चेतना की उत्कृष्ट अवस्था, आनंदमय दिव्य तादात्म्य जिसे समाधि कहते हैं।

सहज योग में हमारी आंतरिक शक्ति कुंडलिनी का जागरण बड़ी सहजता से हो जाता है। हम सामूहिक चेतना से जुड़ जाते हैं। सालों से सहज ध्यान कर रहे साधकों का सानिध्य हमारी कुंडलिनी शक्ति बहुत सहजता से जागृत कर मध्य मार्ग यानि सुषम्ना नाड़ी से उपर की ओर उठा हमें ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश कराता है जिसकी अनुभूति हथेली से प्रवाहित होने वाले चैतन्य से होता है। हम तत्काल अपने अंदर बदलाव को महसूस करते हैं- अद्भुत, आनंददायी,शांत, शीतल, परम सुख प्रदान करने वाली स्थिति से एकाकारिता पाते हैं। दिनांक 1 मई, 1979 को अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने कहा है, "आपके साथ जो मूल बात होती है वह यह है कि आपकी इच्छा शक्ति ईश्वर के साथ एक हो जाती है... इसके अलावा, ईश्वर की इच्छा सोचती है, समझती है, व्यवस्थित करती है और प्यार करती है. आप वास्तव में सरल हैं, तो ही यह आपके ऊपर प्रकट होता है, अन्यथा नहीं। यह बहुत सूक्ष्म शक्ति है। यह उन लोगों के साथ होता है जो वास्तव में इसकी इच्छा करते हैं, कि उनकी इच्छा केवल ईश्वर के साथ एक हो जानी चाहिए। ऐसे लोगों को आत्मसाक्षात्कार मिलता है... यदि आपके पास यह है, तो इसमें महारत हासिल करें और इसका उपयोग करें। " सहज योग को गहनता से समझने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# आर्य समाज मंदिर मे प्रेम विवाह करने के बाद लड़की पक्ष द्वारा, प्रेम विवाहित जोड़े को आ रही है! जान से मारने की धमकी! बाणगंगा था ने पर शिकायत के बाद भी सुनाई नहीं!


अखिल भारत आर्यसमाज ट्रस्ट पंजीयन क्रमांक- 1244/IND.MP
॥ ओ३म् ॥
कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
महर्षि दयानन्द सरस्वती
आर्य समाज मन्दिर
अखिल भारत आर्यसमाज ट्रस्ट
दिव्ययुग परिसर, बैंक कॉलोनी
अन्नपूर्णा मार्ग, इन्दौर (म.प्र.) ☎ 0731-2489383
विवाह साक्ष्य सत्यापन
क्रमांक 3384/2025 दिनांक 13/11/2025
सत्यापित किया जाता है कि श्री अर्पित इडवाल
पिताश्री दशरथ इडवाल वय 27 वर्ष
निवासी इन्दौर (म.प्र.) का
शुभ विवाह संस्कार सुश्री/कु. वैशाली मिश्रा
पिता श्री काशीनाथ मिश्रा वय 25 वर्ष
निवासी इन्दौर (म.प्र.)
के साथ दोनों की इच्छानुसार दिनांक 13/11/2025 गुरुवार को हिन्दू विवाह अधिनियम-1955, अधिनियम क्रमांक 1955 का 25 एवं आर्य विवाह मान्यता अधिनियम-1937, अधिनियम क्रमांक 1937 का 19 के अनुसार वैदिक विधि (आर्यसमाज पद्धति) से सम्पन्न किया गया। इनका दाम्पत्य जीवन मंगलमय हो। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार वर-वधु अपनी सुविधा से विवाह रजिस्ट्रार कार्यालय में अपने विवाह का पंजीयन करवा लें।
कार्य प्रभारी
पुरोहित
www.aryasamajindore.com

## सह सम्पादक- दीपक वाड़ेकर

मामला इंदौर शहर के थाना बाणगंगा के अंतर्गत रहने वाले प्रेमी जोड़े का है! जो 2 साल से प्रेम संबंध मे रहे बालिक युवक और युवती जो की लोटस पार्क सावेर जख्या रोड पर रहने वाली वैशाली इडवाल जो की बालिक है! इन्होने अर्पित इडवाल से राजी मर्जी से इंदौर के अन्नपूर्णा मार्ग मे आर्य समाज मंदिर मे दिनांक 13/11/2025 को हिन्दू रितिरिवाज से प्रेम विवाह किया! जिसमे आर्य समाज मंदिर से मिला प्रेम विवाह का प्रमाण पत्र भी इनके पास है! प्रेम विवाह होने के बाद लड़का और लड़की के थाना बाणगंगा पर बयान लिए गए और इन्हे थाना प्रभारी के निर्देश के बाद थाने से जाने दिया गया! युवती वैशाली इडवाल ने मीडिया को बताया के जब से उनके घर वालों को उनके प्रेम विवाह के बारे मे पता लगा है! जब से हीं प्रेम विवाहित जोड़े को और लड़के के परिवार वालो को जान से मारने की धमकिया आ रही है! लड़की ने बताया के उनकी छोटी बहन प्रिया मिश्रा जो की खंडवा SP कार्यालय मे कांस्टेबल के पद पर पदस्त है! उनके द्वारा प्रेम विवाहित जोड़े और लड़के के घर वालो को झूठे कानूनी कैश मे उलझने की धमकी दे रही है! लड़की के भुआ का लड़का जिसका नाम अन्ना राकेश तिवारी है! इसके द्वारा लड़के के पिता को कॉल के द्वारा धमकी दी गई के लड़के की बहन को उठवा लूंगा और



उसके साथ कुछ गलत हो जायेगा! जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग प्रूफ के तोर पर लड़की के पास मौजूद है! साथ हीं लड़की के मामा राजकुमार पांडे के द्वारा भी धमकिया आ रही है! प्रेम विवाहित जोड़ा को इन तीनो के द्वारा लगातार धमकिया आ रही है! जिससे ये बहुत ज्यादा मानसिक रूप से परेशान हो गए है! जिसकी लिखित शिकायत इन्होने 23 दिसम्बर 2025 को माननीय इंदौर कलेक्टर ऑफिस मे जन सुनवाई मे की है!

कलेक्टर ऑफिस से इन दोनो को इंदौर के छावनी स्थिति महिला एवं बाल विकास कार्यालय पर भेजा गया जहाँ पर लड़की के बयान लिए गए है! मीडिया के द्वारा प्रेम विवाहित जोड़े ने क़ानून के वरिष्ठ अधिकारियो से और माननीय मुख्य मंत्री से खुद की सुरक्षा की गुहार लगाई है! अब देखना ये है के जब संविधान और क़ानून बालिक लड़का लड़की को स्वइच्छा से विवाह करने का अधिकार देता है तो कुछ असामाजिक तत्व के द्वारा मिल रही धमकी पर क़ानून के अधिकारी क्या एक्शन लेते है!

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही

## अवैध मदिरा के साथ पेशेवर गिरफ्तार

कलेक्टर जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी ,डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, उड़नदस्ता प्रभारी श्री कमलेश सोलंकी, एडीईओ श्री सी के साहू के मार्गदर्शन में आज दिनांक 23/12/2025 को *वृत्त भोई मोहल्ला वृत प्रभारी त्रिअंबिका शर्मा * ने मुखबिर की सूचना पर अपनी टीम के साथ भवानी नगर में अवैध 66.6बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त कर आरोपी अर्जुन सिंह पिता सज्जन सिंह ,34वर्ष निवासी भवानी नगर,थाना-बाणगंगा ,जिला-इंदौर(मप्र)को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी



अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के, एवं 34(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर गैर जमानती अपराध होने पर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल कराया गया है।जब्त मदिरा की कुल कीमत 40000रुपए निकाली गई है।

### आरोपी पर पूर्व से पंजीबद्ध हैं कइ अपराध

आरोपी अर्जुन s/o सज्जन सिंह के खिलाफ आबकारी में अवैध रूप से शराब के परिवहन, संग्रहण और बिक्री के दर्जनों अपराध पंजीबद्ध हैं।

### सराहनीय भूमिका

कार्यवाही में भोई मोहल्ला वृत्त प्रभारी त्रिअंबिका शर्मा ,आबकारी आरक्षक प्रमोद शेटे,राजू जाँबेकर , श्रीमति निशा और ड्राइवर करण का सराहनीय योगदान रहा ।

# 7th रोल बॉल वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने पर दीपेश चौधरी एवं आदित्य रणावत ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना से देश का मान पूरे विश्व में ऊँचा किया है।

यह जीत न केवल उनकी प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए एक सशक्त प्रेरणास्रोत भी है। उन्होंने इंदौर का नाम भी रोशन किया है। यदि देखा जाए तो हमारा इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में पहले से ही नंबर वन है, और इस बार इन दोनों होनहार खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में भी इंदौर को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि पूरे शहर एवं देश के लिए गर्व का विषय है। दोनों खिलाड़ी जब इंदौर पहुँचे तो रजत चौधरी बाला गावड़े बाबा भुल्लर दीप शर्मा आयुष मंडलोई समीर पटेल हेमंत पाटीदार प्रथम पाल हार्दिक पाटीदार आदि बन्ना नगर उपाध्यक्ष श्री राजपूत करणी सेना उनके मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ उनका भव्य स्वागत किया।



# महू पहुंचे कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय श्रीवास के निधन पर जताई शोक संवेदना

## राजेश धाकड़

महू।मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज महू पहुंचे, जहाँ



उन्होंने अपने पुराने मित्र एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय श्री विजय श्रीवास के दुखद निधन पर उनके निवास पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों भाजयुमो नगर अध्यक्ष श्री वैभव श्रीवास के पिताजी, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद स्व. श्री विजय श्रीवास का दुखद निधन हो गया था। इसी क्रम में मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर श्री विजयवर्गीय ने बताया कि इलाज के दौरान वे सतत रूप से चिकित्सकों के संपर्क में रहते हुए स्व. श्री विजय श्रीवास के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करते रहे तथा एक अभिभावक के रूप में परिवार के साथ खड़े रहे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में परिवार को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर वे सदैव सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे।